12वीं (10+2) पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए सूचना

- 3 जून से 25 जून 2024 तक भरे जाएंगे ऑनलाइन फॉर्म।
- एडमिशन फार्म भरने से पहले पूरा नोटिस ध्यान से पढ़ें।

- **ऑनलाइन आवेदन:-** उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट (https://admissions.higheredūhry.ac.in) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा ।

- **फार्म भरते समय जरूरी दस्तावेजों की सूची**

1. आधार कार्ड
2. 10वीं प्रमाण पत्र
3. 10+2 प्रमाण पत्र
4. डोमिसाइल (*Residence*) प्रमाण पत्र
5. जाति प्रमाण पत्र (*for SC/BC कैटेगरी स्टूडेंट्स*)
6. गैप ईयर सर्टिफिकेट (*जिनका गैप ईयर है*)
7. Latest पासपोर्ट साइज फोटो, Signature
8. इनकम सर्टिफिकेट, 6 महीने से ज्यादा पुराना ना हो (*for BC Category students whose family income is below than 250000 per year*)
9. चरित्र प्रमाण पत्र (स्कूल से मिलेगा, जिसने ओपन से 10+2 की है व जिनका गैप ईयर है वो अपने वार्ड के पार्षद/गांव के सरपंच से बनवा सकता है ।
10. ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर (*वही मोबाइल नम्बर भरें जो परमानेंट हो क्योंकि कॉलेज के विभिन्न प्रकार के फार्मों से सम्बंधित कार्यों हेतु तीनो साल इसी फोन नम्बर की जरूरत पड़ेगी*)।
11. माइग्रेशन सर्टिफिकेट (*HBSE बोर्ड को छोड़कर CBSE बोर्ड व अन्य बोर्डों से 10+2 पास करने वाले छात्रों के लिए*)।
12. बैंक खाते की पासबुक की फोटो कॉपी with IFSC कोड (*बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए, यदि आधार से लिंक नहीं है तो तुरंत करवाएं*)
13. अगर कोई विद्यार्थी EWS (*Economically Weaker Section*) कैटेगरी में फॉर्म भरता है तो उसका EWS सर्टिफिकेट
14. NSS/NCC/Sports सर्टिफिकेट (*for weightage*)
15. परिवार पहचान पत्र (*Family ID*)

- **फॉर्म भरते समय ध्यान रखने योग्य बातें**

1. जहां तक सम्भव हो मोबाइल नम्बर वो दें जिसपर व्हाट्सएप चलता हो ताकि भविष्य में ऑनलाइन एजुकेशन में भी सुलभता हो सके।
2. फार्म भरने के बाद अपना रेजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड याद रखें/नोट कर लें क्योंकि भविष्य में समय समय पर इसकी जरूरत रहती है।